# वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर

प्रेषकः–

परीक्षा नियंत्रक,
वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय
जौनपुर।

पत्रांकः–1940/परीक्षा/2022

दिनांक : 21/9/22

सेवा में,

**केन्द्राध्यक्ष,**
समस्त परीक्षा केन्द्र
सम्बद्ध वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय,
जौनपुर।

**विषय–** **मुख्य/सेमेस्टर परीक्षा 2021–22 से संबंधित पारिश्रमिक भुगतान हेतु विवरण उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

कृपया अवगत कराना है कि राज्यपाल सचिवालय के आदेश संख्या–ई0 1704/जी0एस0 दिनांक 23 मार्च, 2022 द्वारा निर्देशित किया गया था कि केन्द्राध्यक्ष, सहायक केन्द्राध्यक्ष, आन्तरिक उड़ाकादल तथा कक्ष निरीक्षकों के पारिश्रमिक का भुगतान उनके वास्तविक उपस्थिति के आधार पर उनके बैंक खाते में आर0टी0जी0एस0/आनलाईन के माध्यम से सीधे प्रेषित किया जाय जिसके अनुपालन में विश्वविद्यालय के पत्रांक– 1638/परीक्षा/2022 दिनांक 01.04.2022 के द्वारा केन्द्राध्यक्ष, सहायक केन्द्राध्यक्ष एवं कक्ष निरीक्षकों के नाम, पदनाम, उनके बैक एवं खाता का नाम, खाता संख्या, आई0एफ0एस0सी0कोड, पैन नम्बर, सम्पादित की गयी ड्यूटी/पालीवार एवं अनुमन्य पारिश्रमिक की धनराशि उपलब्ध कराने हेतु अनुरोध किया गया था। किन्तु अभी तक अधिकांश महाविद्यालयों द्वारा निर्धारित प्रारुप पर विवरण उपलब्ध नहीं कराया गया, जिससे उनके देय पारिश्रमिक का भुगतान सम्भव नहीं हो पा रहा है।

अतः आपसे अनुरोध है कि निर्धारित प्रारुप पर सूचनायें समस्त वांछित अभिलेखों सहित अतिशीघ्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, जिससे भुगतान की कार्यवाही की जा सके। निर्धारित प्रारुप पर सूचना न प्राप्त होने के कारण भुगतान में विलम्ब की स्थिति में समस्त उत्तरदायित्व संबंधित महाविद्यालय का होगा।

भवदीय,

**परीक्षा नियंत्रक**

**प्रतिलिपि** निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. वित्त अधिकारी के उनके पत्र संख्या–वि0अधि0/889/2022 दिनांक 16.09.2022 के संदर्भ में प्रेषित।
2. कुलसचिव, वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर।
3. निजी सचिव कुलपति, मा0कुलपति जी के संज्ञानार्थ।

**सहायक कुलसचिव**
**(परीक्षा)**

महाविद्यालय का नाम– ......................................................................

## मुख्य/सेमेस्टर परीक्षा 2021–22 से संबंधित केन्द्राध्यक्ष कांटीजेंसी के भुगतान हेतु विवरण का प्रारुप

| केन्द्राध्यक्ष/ सहायक केन्द्राध्यक्ष/कक्ष निरीक्षक का नाम | संबंधित का पैन नं0 | बैंक का नाम | बैंक शाखा का नाम | खाता संख्या | आईएफएससी कोड | धनराशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

प्राचार्य/प्राचार्या